# कार्यालय जिला परिषद् बाड़मेर

क्रमांकः—प.7()जिपबा/ग्राम सभा/2025/ दिनांकः—

प्रेषितः—

विकास अधिकारी,
पंचायत समिति ....................(समस्त)
जिला बाडमेर/बालोतरा।

विषयः— वंदे गंगा जल सरंक्षण जन अभियान के तहत विशेष ग्राम सभा का आयोजन करने बाबत्।

प्रसंगः— श्रीमान आयुक्त एवं शासन सचिव, पंचायती राज जयपुर के राजकाज रेफ नं 15649345 दिनांक 02.06.2025 के क्रम में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं प्रासंगिक पत्र के संबंध में लेख हैं कि दिनांक 05.06.025 एवं 20.06.2025 को विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन प्रत्येक ग्राम पंचायत में किया जाना हैं। उक्त ग्राम सभा में जल संचय जन भागीदारी अभियान से संबंधित कम से कम ऐसे 20 कार्यों का चिन्हिकरण किया जावें जिनको 30 नवम्बर 2025 तक पूर्ण किया जा सकें। साथ ही ग्राम पंचायत क्षेत्र में संपादित की गई गतिविधियां विवरण एवं आगामी कार्य योजना से अवगत करवाया जावें।

1. 05 जून को हर ग्राम पंचायत में 21 महिलाओं द्वारा पीपल पूजन का कार्यक्रम करवाय जायें।
2. 05 जून को जल संरक्षण अभियान के तहत प्रत्येक राजस्व ग्राम में न्यूनतम एक कार्य तो आवश्यक करवाया जावे।
3. प्रत्येक दिवस के कार्यक्रमो के साथ **वंदे गंगा** जल संरक्षण जन अभियान संकल्प दिलवाया जावें।
4. महानरेगा श्रमिको को कार्यक्रम में शामिल करवाया जावें।
5. अधिक से अधिक स्वयं सहायता समूहो की महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जावें, तथा सीएलएफ में स्वच्छता अभियान चलाया जावें।
6. पखवाडे में (दिनांक 05 जून से 20 जून 2025) चारागाहो/औरण गौचर का चिनहीकरण एवं पौधारोपण कार्यो की अग्रिम तैयारी की जावें।
7. पखवाडे में (दिनांक 05 जून से 20 जून 2025) हरियालो राजस्थान [illegible] अन्य पौधारोपण कार्यो की अग्रिम तैयारी की जावें।

Signature Not Verified
Digitally signed by Ravi Kumar
Designation : Chief Executive Officer
Date: 2025.06.03 20:20:23 IST
Reason: Approved

8. कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान के तहत कार्यो का अवलोकन एवं स्वीकृति जारी करावें।

9. सभी कार्यक्रमो की अच्छी गुणवता की फोटोग्राफी करवाकर इस कार्यालय को प्रेषित करें।

उक्त वंदे गंगा जल सरंक्षण जन अभियान हेतु जारी दिशा निर्देश सलंग्न कर विशेष ग्राम सभाओं तथा अन्य विभिन्न कार्यक्रम की उक्तानुसार कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करावें।

**(रवि कुमार) IAS**
**मुख्य कार्यकारी अधिकारी**
**जिला परिषद बाडमेर**

क्रमांकः—प.7()जिपबा / ग्राम सभा / 2025 / दिनांकः—

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

1. जिला कलेक्टर महोदय, बाड़मेर / बालोतरा।
2. उपखण्ड अधिकारी, समस्त जिला बाडमेर।
3. जिला परियोजना प्रबंधक राजीविका, बाड़मेर।
4. अधीक्षण अभियंता, जल ग्रहण विकास एवं भू संरक्षण विभाग,जिला परिषद बाड़मेर।
5. रक्षित पत्रावली।

**मुख्य कार्यकारी अधिकारी**
**जिला परिषद बाडमेर**

Signature Not Verified

Digitally signed by Ravi Kumar
Designation : Chief Executive Officer
Date: 2025.06.03 20:20:23 IST
Reason: Approved

**राजस्थान सरकार**
**ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज**
**(निदेशालय जलग्रहण विकास एवं भू संरक्षण, जयपुर)**

क्रमांक : एफ.20(386)निजभूस/पीएफसी/2025/ दिनांक :

**जिला कलक्टर,**
**समस्त।**

**विषय :– 'वंदे गंगा' जल संरक्षण जन अभियान (5 जून, 2025 से 20 जून, 2025) के सफल क्रियान्वयन हेतु विभागवार विस्तृत कार्ययोजना भिजवाने बाबत।**

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राज्य सरकार द्वारा **5 जून, 2025 से 20 जून, 2025** तक राज्य में **"वंदे गंगा' जल संरक्षण जन अभियान"** के आयोजन का निर्णय लिया गया है। उक्त अभियान के दौरान राज्य के समस्त जिलों में विभिन्न स्तरों पर विभिन्न विभागों द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं वर्षा जल संग्रहण तथा स्वच्छता से सम्बन्धित कार्यक्रम क्रियान्वित किये जाने हैं।

माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा समस्त संभागीय आयुक्त एवं जिला कलक्टर के साथ दिनांक 28.05.2025 को आयोजित बैठक में इस अभियान को जन अभियान का रूप देकर वृहद स्तर पर मनाये जाने के निर्देश प्रदान किये गये हैं। बैठक कार्यवाही विवरण आपको राजकाज संदर्भ संख्या–15613526 दिनांक 30.05.2025 के द्वारा भिजवाया गया है।

माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुरूप कार्यवाही करने एवं इस अभियान को सफल बनाने हेतु दिनांक 30.05.2025 को मुख्य सचिव महोदय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में भी आपको निर्देश प्रदान किये गये हैं। राज्यभर में विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित किये जाने वाले **अभियान की प्रस्तावित गतिविधियों की कार्ययोजना एवं सामान्य निर्देश** तैयार कर पत्र के साथ संलग्न कर भिजवाये जा रहे हैं। सम्बंधित जिला कलक्टर स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप कार्यक्रम में अतिरिक्त गतिविधियों को भी सम्मिलित कर सकते हैं। साथ ही **'वंदे गंगा' जल संरक्षण जन अभियान संकल्प** का प्रारूप भी आपको आवश्यक कार्यवाही हेतु संलग्न कर भिजवाया जा रहा है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि उक्त अभियान के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा किये जाने वाले समस्त कार्यक्रमों के क्रियान्वयन हेतु विस्तृत दिशा निर्देश जारी कर, दैनिक आधार पर अभियान का सफल क्रियान्वयन आवश्यक रूप से सुनिश्चित करें। कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देवें।

उक्त कार्यक्रम सक्षम स्तर से अनुमोदित है।

संलग्न : अभियान के सामान्य निर्देश, गतिविधियों की कार्ययोजना एवं अभियान संकल्प।

भवदीय

Signature Not Verified
**शासन सचिव,**
**पंचायतीराज**
Digitally signed by Joga Ram
Designation : Secretary To Government
Date: 2025.06.02 17:10:17 IST
Reason: Approved

क्रमांक : एफ.20(386)निजभूस/पीएफसी/2025/ दिनांक :

**प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–**

1. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, माननीय मुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री कार्यालय, जयपुर।
2. विशिष्ट सहायक, माननीय मंत्री, शिक्षा एवं पंचायतीराज, जयपुर।
3. संयुक्त शासन सचिव, मुख्य सचिव, जयपुर।
4. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, जल संसाधन विभाग।
5. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, ऊर्जा विभाग।
6. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, वन एवं पर्यावरण विभाग।
7. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, ग्रामीण विकास विभाग।
8. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, गृह विभाग।
9. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, सार्वजनिक निर्माण विभाग।
10. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भू जल विभाग।
11. प्रमुख शासन सचिव, उद्योग विभाग।
12. प्रमुख शासन सचिव, स्वायत्त शासन विभाग।
13. शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग।
14. शासन सचिव, युवा एवं खेल विभाग।
15. शासन सचिव, देवस्थान विभाग।
16. शासन सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग को भेजकर निवेदन है कि संलग्न कार्यक्रम की प्रति माननीय प्रभारी मंत्रीगणों को उपलब्ध कराने का श्रम करें।
17. शासन सचिव, पंचायतीराज विभाग।
18. शासन सचिव, कृषि एवं उद्यानिकी विभाग।
19. शासन सचिव, प्रशासनिक सुधार विभाग को भेजकर निवेदन है कि संलग्न कार्यक्रम की प्रति प्रभारी सचिवों को उपलब्ध कराने का श्रम करें।
20. आयुक्त, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग।
21. संभागीय आयुक्त समस्त।
22. निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव, जलग्रहण विकास एवं भू संरक्षण, जयपुर।

**शासन सचिव,**
**पंचायतीराज**

Signature Not Verified

Digitally signed by Joga Ram
Designation : Secretary To Government
Date: 2025.06.02 17:10:17 IST
Reason: Approved

# वंदे गंगा
# जल संरक्षण जन अभियान
# (05.06.2025–20.06.2025)

| विभाग | प्रस्तावित गतिविधियां |
|---|---|
| **5/6/2025 (गुरूवार) गंगा दशहरा एवं विश्व पर्यावरण दिवस** | |
| जिला प्रशासन | • प्रभारी मंत्री एवं प्रभारी सचिव महोदय की अध्यक्षता में **जिला स्तरीय कार्यक्रम**<br>• प्रेस कान्फ्रेन्स कर 5.6.2025 से 20.6.2025 के दौरान होने वाले कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देना<br>• समस्त स्टेक होल्डर्स की वंदे गंगा आमुखीकरण कार्यशाला<br>• सांस्कृतिक संध्या |
| वन एवं पर्यावरण | • **विश्व पर्यावरण दिवस** पर कार्यक्रम।<br>• नर्सरियों का विशेष स्वच्छता कार्यक्रम। जिला कलेक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी द्वारा नर्सरियों का अवलोकन किया जावे<br>• नर्सरियों में पौधो की ग्रेडिंग<br>• **तुलसी पौधा** वितरण<br>• लवकुश वाटिका पर कार्यक्रम<br>• **हरियालो राजस्थान** हेतु पूर्व तैयारी जैसे गडढे खोदना, CCT, SGT कार्य प्रारम्भ<br>• **प्लास्टिक** का उपयोग कम करने पर शपथ कार्यक्रम<br>• वन विभाग की नर्सरीयों, वन क्षेत्र आदि के आस–पास नैचर वाक (Nature Walk) जिसमें पेड़–पौधो की प्रजातियों, महत्व आदि के बारे में जानकारी दी जावे।<br>• औधोगिक संस्थानो, निजी एवं सरकारी कार्यालयो को ग्रीन आफिस इनिशियेटिव (Green Office Initiative), एनर्जी आडिट (Energy Audit) एवं ग्रीन बजट (Green Budget) के बारे में जानकारी दी जावे।<br>• चयनित स्थानो पर ईको फ्रेण्डली आर्ट तैयार करना |
| स्कूल शिक्षा | • विश्व पर्यावरण दिवस पर निबंध, भाषण, कविता प्रतियोगिता एवं बाल सभा।<br>• वंदे गंगा प्रभात फेरी। |
| स्वायत्त शासन | • जल स्त्रोतो की **साफ–सफाई** एवं मरम्मत<br>• जल स्त्रोतो पर **दीप प्रज्वलन**<br>• अमृत:2.0 अर्तंगत स्वयं सहायता समूहो की महिलाओं से **साफ–सफाई** एवं रख–रखाव कार्यक्रम<br>• शहरी रोजगार योजना अर्न्तगत पौधारोपण हेतु अग्रिम तैयारी<br>• महापुरूषो की प्रतिमाओं की **साफ–सफाई**<br>• अधिक से अधिक संख्या में जन–जन को 'वंदे गंगा' जल संरक्षण जन अभियान संकल्प दिलाना<br>• सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहयोग से सरकारी भवनों में स्थित RTWHS की **साफ–सफाई** एवं रख–रखाव कार्यक्रम |
| राजिविका | • वंदे गंगा कलश यात्रा।<br>• पीपल पूजन<br>• पीपल पौधारोपण एवं वितरण<br>• ईको फ्रेण्डली स्थानीय उत्पादों के संबंध में प्रशिक्षण, प्रदर्शनी एवं विक्रय (Sale) |
| जल संसाधन | • नदी, बांध, सरोवर इत्यादि पर पूजन।<br>• नहरों एवं खालो की जल उपयोगिता संगम एवं कृषकों के सहयोग से **साफ–सफाई** |

Signature Not Verified
Digitally signed by Joga Ram
Designation : Secretary To Government
Date: 2025.06.02 17:10:45 IST
Reason: Approved

| | |
|---|---|
| ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज | • वंदे गंगा–जल संरक्षण जन अभियान संकल्प एवं नुक्कड नाटक<br>• अधिक से अधिक संख्या में जन–जन को 'वंदे गंगा' जल संरक्षण जन अभियान संकल्प दिलाना<br>• ग्राम सभाओं का आयोजन<br>• **औरण** का चिन्हीकरण एवं घास बुआई की पूर्व तैयारी<br>• चारागाहों का चिन्हीकरण एवं पौधारोपण कार्यो की अग्रिम तैयारी<br>• **हरियालो राजस्थान** अंतर्गत अन्य पौधारोपण कार्यो की अग्रिम तैयारी<br>• **''कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान''** के तहत कार्यो का अवलोकन एवं स्वीकृति |
| खेल विभाग एवं नेहरू युवा केन्द्र | • जिला प्रशासन द्वारा चिन्हित स्थानों पर श्रमदान<br>• वंदे गंगा रैली, साइकल रैली<br>• वंदे गंगा जल सेवा में सहयोग |
| **6/6/2025 (शुक्रवार) निर्जला एकादशी** | |
| जल संसाधन | • नहरों एवं खालो की जल उपयोगिता संगम एवं कृषकों के सहयोग से **साफ–सफाई** |
| जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी | • विभाग एवं भामाशाहों/स्वयं सेवी संस्थाओं के सहयोग से वंदे गंगा जल सेवा<br>• रेल्वे स्टेशन, बस स्टेण्ड, कृषि उपज मण्डी समिति आदि सार्वजनिक स्थानों पर वंदे गंगा जल सेवा (NSS, NCC, NYK के स्वयं सेवको का सहयोग लिया जावे)<br>• जल परीक्षण अभियान |
| उर्जा | • ट्रान्सफार्मर के आस–पास **साफ–सफाई** |
| पुलिस, सेना एवं अर्द्ध सेनिक | • जिला प्रशासन द्वारा चिन्हित स्थानों पर श्रमदान<br>• वंदे गंगा जल सेवा में सहयोग |
| स्वयं सेवी संस्था | • जल संग्रहण संरचनाओं की गाद निकालना (De-silting) एवं साफ–सफाई हेतु श्रमदान, वंदे गंगा जल सेवा<br>• पशु खेलियों की साफ–सफाई<br>• पशुओं के लिये साफ पीने के पानी की व्यवस्था एवं पक्षियों के लिये परिंडे बांधना |
| सूचना एवं जन संपर्क | • चयनित मीडिया के व्यक्तियों का फील्ड भ्रमण |
| **7/6/2025 (शनिवार)** | |
| स्वयं सेवी संस्था<br>पशुपालन विभाग<br>गौपालन विभाग<br>देवस्थान विभाग<br>आर.सी.डी.एफ. | • जिला एवं ब्लॉक स्तर पर धार्मिक/व्यापारिक संगठन, भामाशाह, गणमान्य व्यक्तियों को सूचीबद्ध कर जल संरक्षण जन अभियान की गतिविधियों से संबंधित विषय पर विचार विर्मश/संगोष्ठी का आयोजन<br>• स्थानीय गौशाला/पशु चिकित्सालय/दुग्ध संघ में **स्वच्छता अभियान** का आयोजन |
| **8/6/2025 (रविवार)** | |
| खेल विभाग एवं नेहरू युवा केन्द्र<br>ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग<br>स्थानीय निकाय विभाग<br>जिला प्रशासन | • स्थानीय ग्रामवासियों/जनप्रतिनिधियों तथा नहरू युवा केन्द्र आदि अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से वंदे गंगा प्रभात फेरी एवं जागरूकता अभियान रैली का ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत स्तर पर एवं शहरी क्षेत्रों में वार्ड स्तर पर आयोजन<br>• जिला प्रशासन द्वारा चिन्हित स्थानों पर श्रमदान |

Signature Not Verified

Digitally signed by Joga Ram
Designation : Secretary To Government
Date: 2025.06.02 17:10:45 IST
Reason: Approved

<table>
<tr><th colspan="2">9/6/2025 (सोमवार)</th></tr>
<tr><td>ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, स्वच्छ भारत मिशन– ग्रमीण</td><td>• नवीन अमृत सरोवर का शुभारम्भ<br>• नये जल संग्रहण एवं जल संरक्षण संरचनाओं के कार्यो का शुभारम्भ एवं पूर्ण कार्यो का अवलोकन<br>• हरियालो राजस्थान अंतर्गत पौधारोपण कार्यो की अग्रिम तैयारी<br>• प्राचीन तालाब, जोहड़ इत्यादि की साफ–सफाई एवं मरम्मत<br>• औरण का चिन्हीकरण एवं घास बुआई की पूर्व तैयारी<br>• चारागाहों का चिन्हीकरण एवं पौधारोपण कार्यो की अग्रिम तैयारी<br>• हरियालो राजस्थान अंतर्गत अन्य पौधारोपण कार्यो की अग्रिम तैयारी<br>• ''कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान'' के तहत कार्यो का अवलोकन एवं स्वीकृति<br>• ग्राम के सभी जल स्त्रोतो की मैपिगं, साफ–सफाई एवं मरम्मत<br>• सोख्ता गडढो की साफ–सफाई<br>• गांवो के मुख्य मार्गो, चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों की साफ–सफाई</td></tr>
<tr><td>सार्वजनिक निर्माण</td><td>• सरकारी भवनों में स्थित RTWHS की साफ–सफाई<br>• रोड साइड पौधरोपण हेतु अग्रिम तैयारी</td></tr>
<tr><th colspan="2">10/6/2025 (मंगलवार)</th></tr>
<tr><td>जलग्रहण विकास एवं भू–संरक्षण</td><td>• मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान–2.1 अंतर्गत पूर्ण कार्यो का अवलोकन<br>• मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान–2.2 अंतर्गत कार्यो का स्वीकृत करना एवं प्रारम्भ करना<br>• प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना–2.0 अन्तर्गत नवीन परियोजनाओं का शुभारम्भ<br>• औरण का चिन्हीकरण एवं घास बुआई की पूर्व तैयारी<br>• चारागाहों का चिन्हीकरण एवं पौधारोपण कार्यो की अग्रिम तैयारी, बीज बैंको में गतिविधियों का कियान्वयन<br>• हरियालो राजस्थान अंतर्गत अन्य पौधारोपण कार्यो की अग्रिम तैयारी<br>• मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान–2.0 अंतर्गत चयनित ग्रामों की ग्राम पंचायत मुख्यालय पर रात्रि चौपाल (अभियान अंतर्गत निर्मित एवं प्रस्तावित जल संग्रहण एवं जल संरक्षण कार्यो पर चर्चा)</td></tr>
<tr><th colspan="2">11/6/2025 (बुद्धवार) ज्येष्ठ पूर्णिमा</th></tr>
<tr><td>वन</td><td>• हरियालो राजस्थान हेतु पूर्व तैयारी जैसे गडढे खोदना, CCT, SGT कार्य प्रारम्भ<br>• वन क्षेत्र में विधमान जल संग्रहण संरचनाओं की गाद निकालना (De-silting)<br>• विभागीय योजना में निर्मित 575 जल संग्रहण संरचनाओं का अवलोकन<br>• तुलसी के पौधो का वितरण<br>• मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान–2.1 अंतर्गत पूर्ण कार्यो का अवलोकन<br>• मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान–2.2 अंतर्गत कार्यो का स्वीकृत करना एवं प्रारम्भ करना<br>• 60000 है0 में तैयार लगभग शेष स्थलों का विमोचन<br>• महानरेगा अंतर्गत कार्यो को प्रारम्भ<br>• लवकुश वाटिका पर कार्यक्रम</td></tr>
</table>

Signature Not Verified
Digitally signed by Joga Ram
Designation : Secretary To Government
Date: 2025.06.02 17:10:45 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 15649333

| | |
|---|---|
| **12/6/2025 (गुरूवार)** | |
| कृषि एवं उद्यान | • सिप्रिकंलर, ड्रिप, फार्म पौण्ड, पाईप लाईन की स्वीकृती जारी करना<br>• DBT के माध्यम से राशि जारी करना<br>• प्राकृतिक / जैविक / प्रीसीजन खेती, सूक्ष्म सिंचाई पद्धति पर कार्यशाला एवं प्रदर्शनी<br>• स्वीकृत कार्यो का अवलोकन एवं नये कार्यो की स्वीकृतियां<br>• **हरियालो राजस्थान** अंतर्गत पौधारोपण कार्यो की अग्रिम तैयारी<br>• कम्पोस्टिंग तकनीक का प्रचार–प्रसार करना<br>• लघु सिंचाई संयत्रो की प्रदर्शनी<br>• प्रगतिशील कृषकों से चर्चा, किसान चौपाल<br>• कृषि विज्ञान केन्द्रो पर संगोष्ठी एवं कृषि शिक्षा कार्यशाला<br>• डिग्गियों की **साफ–सफाई** |
| स्वायत्त शासन | • जल स्त्रोतो की **साफ–सफाई** एवं मरम्मत<br>• जल स्त्रोतो पर **दीप प्रज्वलन**<br>• अमृत:2.0 अर्तगत स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से **साफ–सफाई** एवं रख–रखाव कार्यक्रम<br>• शहरी रोजगार योजना अर्न्तगत पौधारोण हेतु अग्रिम तैयारी<br>• महापुरूषों की प्रतिमाओं की **साफ–सफाई**<br>• **प्लास्टिक** कचरे का चिन्हित स्थल पर निष्पादन, **No Plastic Day**<br>• अमृत–2.0 अर्न्तगत नये कार्यादेश जारी करना एवं पूर्ण कार्यो का अवलोकन<br>• सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहयोग से सरकारी भवनों में स्थित RTWHS की साफ–सफाई एवं रख–रखाव कार्यक्रम |
| **13/6/2025 (शुक्रवार)** | |
| जल संसाधन | • **जल उपभोक्ता समूहो** के द्वारा कार्यक्रम<br>• जल शक्ति अभियान: कैच द रैन अंतर्गत कार्यक्रम<br>• जल संचय जन भागीदारी अर्न्तगत कार्यक्रम<br>• नये पूर्ण कार्यो का लोकार्पण<br>• नहरों एवं खालो की जल उपयोगिता संगम एवं कृषकों के सहयोग से **साफ–सफाई** |
| जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी | • पेयजल स्त्रोतो यथा Ground Level Reservoir, Over Head Storage Reservoir, Clear Water Resrvoir आदि की **साफ–सफाई**<br>• RTWHS तकनीक की जानकारी देना<br>• **जल बचत हेतु जन जागृति कार्यक्रम**<br>• जल परीक्षण अभियान |
| भू–जल | • **"कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान"** के तहत कार्यो का लोकार्पण एवं स्वीकृति |
| **14/6/2025 (शनिवार)** | |
| उधोग | • CSR कार्यशाला आयोजित करना (मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान–2.2 अंतर्गत राज्य मद से अनुमोदित कार्यो हेतु गैप फण्डिंग हेतु प्रेरित करना)<br>• जल उपयोग अंकेक्षण<br>• **"कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान"** के तहत कार्यो का लोकार्पण एवं स्वीकृति<br>• औधोगिक संस्थानो, निजी एवं सरकारी कार्यालयो को ग्रीन ऑफिस इनिशियेटिव (Green Office Initiative), एनर्जी ऑडिट (Energy Audit) एवं ग्रीन बजट (Green Budget) के बारे में जानकारी दी जावे। |
| सूचना एवं जन सम्पर्क | • मीडिया राउण्ड टेबल (जल संग्रहण एवं संरक्षण के [illegible] कार्यों के महत्व से मीडिया को अवगत कराना) |
| जिला प्रशासन | • जिला प्रशासन द्वारा चिन्हित स्थानों पर अन्य जिला विशेष कार्यक्रम |

Signature Not Verified
Digitally signed by Joga Ram
Designation : Secretary To Government
Date: 2025.06.02 17:10:45 IST
Reason: Approved

| | |
|---|---|
| **15/6/2025 (रविवार)** | |
| खेल विभाग एवं नेहरू युवा केन्द्र, स्वयं सेवी संस्था<br>शिक्षा विभाग | • जिला प्रशासन द्वारा जल एवं पर्यावरण संरक्षण की जागरूगता हेतु निबन्ध लेखन, नारा लेखन, चित्रकला, खेलकूद प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक का आयोजन |
| **16/6/2025 (सोमवार)** | |
| ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, स्वच्छ भारत मिशन– ग्रामीण राजीविका | • नवीन अमृत सरोवर का शुभारम्भ<br>• नये जल संग्रहण एवं जल संरक्षण संरचनाओं के कार्यो का शुभारम्भ एवं पूर्ण कार्यो का अवलोकन<br>• **हरियालो राजस्थान** अंतर्गत पौधारोपण कार्यो की अग्रिम तैयारी<br>• प्राचीन तालाब, जोहड़ इत्यादि की **साफ–सफाई** एवं मरम्मत<br>• पंचायत पौधशाला एवं जल **मियांवाकी पौधारोपण** पर विशेष कार्यक्रम<br>• **औरण** का चिन्हीकरण एवं घास बुआई की पूर्व तैयारी<br>• चारागाहों का चिन्हीकरण एवं पौधारोपण कार्यो की अग्रिम तैयारी<br>• **हरियालो राजस्थान** अंतर्गत अन्य पौधारोपण कार्यो की अग्रिम तैयारी<br>• **''कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान''** के तहत कार्यो का अवलोकन एवं स्वीकृति<br>• ग्राम के सभी जल स्त्रोतो की मैपिगं, **साफ–सफाई** एवं मरम्मत<br>• सोख्ता गडढो की साफ–सफाई<br>• गांवो के मुख्य मार्गो, चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों की **साफ–सफाई**<br>• राजीविका के ग्राम संगठन एवं सी.एल.एफ. कार्यालयों में **स्वच्छता अभियान** का आयोजन |
| सार्वजनिक निर्माण | • सरकारी भवनों में स्थित RTWHS की **साफ–सफाई**<br>• रोड साइड पौधरोपण हेतु अग्रिम तैयारी |
| **17/6/2025 (मंगलवार)** | |
| जलग्रहण विकास एवं भू–संरक्षण | • मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान–2.1 अंतर्गत पूर्ण कार्यो का अवलोकन<br>• मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान–2.2 अंतर्गत कार्यो का स्वीकृत करना एवं प्रारम्भ करना<br>• **हरियालो राजस्थान** अंतर्गत पौधारोपण कार्यो की अग्रिम तैयारी<br>• मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान–2.0 अंतर्गत चयनित ग्रामों की ग्राम पंचायत मुख्यालय पर **रात्रि चौपाल** (अभियान अंतर्गत निर्मित एवं प्रस्तावित जल संग्रहण एवं जल संरक्षण कार्यो पर चर्चा) |
| **18/6/2025 (बुद्धवार)** | |
| वन | • **हरियालो राजस्थान** हेतु पूर्व तैयारी जैसे गडढे खोदना, CCT, SGT कार्य प्रारम्भ<br>• विभागीय योजना में निर्मित 575 जल संग्रहण संरचनाओं का अवलोकन<br>• तुलसी के पौधो का वितरण<br>• मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान–2.1 अंतर्गत पूर्ण कार्यो का अवलोकन<br>• मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान–2.2 अंतर्गत कार्यो का स्वीकृत करना एवं प्रारम्भ करना<br>• 60000 है0 में तैयार लगभग 1200 स्थलों का विमोचन<br>• महानरेगा अर्तंगत कार्यो को प्रारम्भ<br>• लवकुश वाटिका पर कार्यक्रम |

Signature Not Verified
Digitally signed by Joga Ram
Designation : Secretary To Government
Date: 2025.06.02 17:10:45 IST
Reason: Approved

| 19/6/2025 (गुरूवार) | |
|---|---|
| कृषि एवं उधान | • स्प्रिंकलर, ड्रिप, फार्म पौण्ड, पाईप लाईन की स्वीकृती जारी करना<br>• DBT के माध्यम से राशि जारी करना<br>• प्राकृतिक/जैविक/प्रीसीजन खेती, सूक्ष्म सिंचाई पद्धती पर कार्यशाला एवं प्रदर्शनी<br>• स्वीकृत कार्यो का अवलोकन एवं नये कार्यो की स्वीकृतियां<br>• **हरियालो राजस्थान** अंतर्गत पौधारोपण<br>• प्रगतिशील कृषकों से चर्चा, किसान चौपाल<br>• कृषि विज्ञान केन्द्रो पर संगोष्ठी एवं कृषि शिक्षा कार्यशाला |
| स्वायत्त शासन | • जल स्त्रोतो की **साफ–सफाई** एवं मरम्मत<br>• जल स्त्रोतो पर **दीप प्रज्वलन**<br>• अमृत:2.0 अर्तंगत स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से **साफ–सफाई** एवं रख–रखाव कार्यक्रम<br>• शहरी रोजगार योजना अर्न्तगत पौधारोण हेतु अग्रिम तैयारी<br>• महापुरूषों की प्रतिमाओं की **साफ–सफाई**<br>• **प्लास्टिक** कचरे का चिन्हित स्थल पर निष्पादन, **No Plastic Day**<br>• अमृत–2.0 अर्न्तगत नये कार्यादेश जारी करना एवं पूर्ण कार्यो का अवलोकन<br>• सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहयोग से सरकारी भवनों में स्थित RTWHS की साफ–सफाई एवं रख–रखाव कार्यक्रम |
| **20/6/2025 (शुक्रवार)** | |
| जल संसाधन | • **जल उपभोक्ता समूहो** के द्वारा कार्यक्रम<br>• जल शक्ति अभियानः **कैच द रैन** अर्तंगत कार्यक्रम<br>• **जल संचय जन भागीदारी** अर्न्तगत कार्यक्रम<br>• नये पूर्ण कार्यो का लोकार्पण<br>• नहरों एवं खालो की जल उपयोगिता संगम एवं कृषकों के सहयोग से **साफ–सफाई** |
| जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी | • पेयजल स्त्रोतो की **साफ–सफाई**<br>• RTWHS तकनीक की जानकारी<br>• जल परीक्षण अभियान |
| भू–जल | • **कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान** के तहत कार्यो का अवलोकन एवं स्वीकृति |
| जिला प्रशासन | • समापन समारोह<br>• **'वंदे गंगा' जल संरक्षण जन अभियान** के क्रियान्वयन में सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदान करने वाले भामाशाह/संस्थाओं का सम्मान |

Signature Not Verified

Digitally signed by Joga Ram
Designation : Secretary To Government
Date: 2025.06.02 17:10:45 IST
Reason: Approved

# **वंदे गंगा**
# **जल संरक्षण जन अभियान**
## **सामान्य दिशा निर्देश**

1. प्रत्येक ब्लॉक के उपखंड अधिकारी को उक्त अभियान हेतु सम्बधित ब्लॉक में नोडल अधिकारी घोषित किया जावे।

2. दिनांक 2 से 4 जून 2025 के दौरान अधिक से अधिक संख्या में जन सामान्य को घर–घर निमंत्रण देकर **वंदे गंगा** जल संरक्षण जन अभियान के संबंध में जानकारी एवं जागरूकता सुनिश्चित करना।

3. जिले में कार्यरत विभिन्न गैर सरकारी संस्थाओं, स्वयंसेवी संस्थाओं, शेक्षणिक संस्थानों, जनप्रतिनिधियों, प्रोफेशनल्स यथा सी.ए., वकील, डॉक्टर, आर्कीटेक्ट आदि, धर्म गुरुओं, व्यापरियों, होटल मालिकों, उधोगपतियों, पर्यावरणविदो आदि की पहचान कर सूची तैयार कर राज्य स्तर पर भेजी जावे एवं उन्हें आमन्त्रित किया जावे।

4. उक्त समस्त चिन्हित संस्थानों, व्यक्तियों आदि के साथ जल संरक्षण जन महाअभियान की गतिविधियों से संबंधित **विचार गोष्ठी** आयोजित की जावे।

5. ऑडियो ब्रिज के माध्यम से अभियान की जानकारी एवं माननीय मुख्यमंत्री महोदय के संदेश को सरपंचो, ग्राम पंचायत के प्रशासको, राजीविका की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा सहयोगिनीयों आदि तक पहुंचावें। **(कार्यवाही–सूचना एवं प्रोधोगिकी विभाग)**

6. श्रमदान कार्यक्रम यथासम्भव प्रातः 6:30 से 9:30 तक सुनिश्चित किया जावे।

7. **मुख्य सार्वजनिक जल संग्रहण संरचना** चिन्हित कर अभियान के प्रारम्भ से समापन तक प्रतिदिन अधिक से अधिक संख्या में आम–जन, गैर सरकारी संस्थाओं, कर्मचारियों इत्यादि द्वारा श्रमदान किया जावे। जिसकी सूचना राज्य स्तर पर भेजी जावे।

8. दिनांक 5.6.2025 को राजकीय कार्मिको एवं अन्य संस्थाओं के अधीन कार्मिकों को **'वंदे गंगा' जल संरक्षण जन अभियान** का संकल्प दिलावे।

9. जल शक्ति अभियान **कैच दी रैन – 2025** की थीम जल संचय जन भागीदारी : जन जागरूकता की ओर, के अन्तर्गत निम्न पांच प्रमुख हस्तक्षेप (Interventions) किये जायेंगे :–

(अ) जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन
(ब) सभी जल निकायों का सूचीकरण, जियो–टैगिंग एवं वैज्ञानिक योजना की समीक्षा
(स) सभी जिलों में जल शक्ति केन्द्रों की स्थापना
(द) व्यापक वृक्षारोपण
(य) अभियान की थीम के अनुरूप जागरूकता उत्पन्न करना

Signature Not Verified
Digitally signed by Joga Ram
Designation : Secretary To Government
Date: 2025.06.02 17:11:23 IST
Reason: Approved

10. दिनांक 5 जून 2025 एवं 20 जून 2025 को विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन प्रत्येक ग्राम पंचायत में किया जावे। उक्त ग्राम सभा में जल संचय जन भागीदारी अभियान से संबंधित कम से ऐसे 20 कार्यों का चिन्हिकरण किया जावें जिनको 30 नवम्बर 2025 तक पूर्ण किया जा सकता है। साथ ही ग्राम पंचायत क्षेत्र में संपादित की गई गतिविधियों का विवरण एवं आगामी कार्य योजना से अवगत कराया जावें तथा **'वंदे गंगा'** जल संरक्षण जन अभियान संकल्प दिलाया जावें।

11. अभियान के दौरान कोई संस्था, समूह, व्यक्ति किसी प्रकार का सहयोग प्रदान करता है तो उसे कार्य चिन्हित कर आंवटित करे।

12. विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) से एक दिवस पूर्व दिनांक 4 जून 2025 को वन एवं पर्यावरण विभाग द्वारा पर्यावरण के लिए दौड़ (Run for Environment) का आयोजन किया जावें। साथ ही **जल शक्ति अभियान : कैच दी रैन–2025 के विशेष फोकस क्षेत्र जल–जंगल–जन एक प्राकृतिक बंधन अभियान** के अन्तर्गत व्यापक वृक्षारोपण किया जावें एवं इस अभियान में अधिकाधिक गणमान्य व्यक्तियों आम नगरीकों, कर्मचारियों को जोड़ा जावे जावे।

13. अभियान के दौरान समस्त ग्राम पंचायतों एवं शहरी निकायों के वार्डों का जुड़ाव सुनिश्चित हों एवं समस्त के कार्य अभियान में सम्मिलत हो।

14. दिनांक 3.6.2025 तक अभियान की जिला कार्य योजना (District Plan) राज्य स्तर पर भिजवाना सुनिश्चित करे।

———————————————

Signature Not Verified

Digitally signed by Joga Ram
Designation : Secretary To Government
Date: 2025.06.02 17:11:23 IST
Reason: Approved

# वंदे गंगा

## जल संरक्षण जन अभियान संकल्प

मैं संकल्प लेता/लेती हूँ कि –

1. जल का संरक्षण करूंगा/करूंगी। दैनिक जीवन में जल का विवेकपूर्ण उपयोग करूंगा/करूंगी और अपव्यय नहीं करूंगा/करूंगी। अपने परिवार, समाज और कार्यक्षेत्र में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाऊंगा/फैलाऊंगी।

2. वर्षा जल संग्रहण और संरक्षण को प्रोत्साहित करूंगा/करूंगी।

3. पारंपरिक जल स्त्रोतों – कुएँ, बावड़ी, तालाब आदि के संरक्षण और पुनर्जीवन में सहयोग करूंगा/करूंगी।

4. भावी पीढियों के सुरक्षित भविष्य के लिए जल एवं पर्यावरण संरक्षण, हरियालो राजस्थान, स्वच्छता एवं प्लास्टिक मुक्त अभियान को सफल बनाने में योगदान दूंगा/दूंगी।

5. जल–जंगल–जन–एक प्राकृतिक बंधन एवं वंदे गंगा–जल संरक्षण जन अभियान में अपने कर्तव्यों का सत्यनिष्ठा से पालन करूंगा/करूंगी।

**"जल है तो कल है यही मेरा संकल्प है।"**

Signature Not Verified

Digitally signed by Joga Ram
Designation : Secretary To Government
Date: 2025.06.02 17:11:56 IST
Reason: Approved